-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 14.02.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना बबेरु पुलिस द्वारा 10 वर्षीय बच्चे की गमछे से गला दबाकर हत्या करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त गमछा बरामद।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 14.02.2026 को थाना बबेरु पुलिस द्वारा 10 वर्षीय किशोर की हत्या करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना बबेरु क्षेत्र के ग्राम मुरवल में एक 10 वर्षीय बच्चा दिनांक 02.02.2026 से ही घर लापता था जिसकी सूचना परिजनों द्वारा दिनांक 06.02.2026 को थाना बबेरु पर दी थी। सूचना पर तत्काल थाना बबेरु पर अभियोग पंजीकृत करते हुए टीमों को गठन किया गया था। जिसके अगले दिन दिनांक 07.02.2026 को बच्चे का शव ग्राम मुरवल के पास खेत से बरामद हुआ था। जिस त्वरित रुप से कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा बच्चे के शव को कब्जे में लिया गया तथा फील्ड यूनिट व फॉरेंसिक टीम द्वारा मौके का गहनता से अवलोकन कर साक्ष्य संकलित करते हुए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया था तथा सुसंगत धाराओं की वृद्धि करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे इसी क्रम में थाना बबेरु पुलिस द्वारा आज दिनांक 14.02.2026 को मुखबिर की सूचना पर घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त को ग्राम मुरवल से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ/जांच में पाया गया कि अभियुक्त से मृतक बच्चे द्वारा शराब की मांग की गई जब अभियुक्त ने शराब देने से मना कर दिया उसके बाद जब अभियुक्त शराब के नशे में हो गया तब मृतक बच्चा उसका मोबाइल फोन लेकर चला गया तब अभियुक्त ने बच्चे दौड़ाया तो बच्चा खेत में जाकर छिप गया तभी खेत में ही अभियुक्त और मृतक बच्चे में कहा-सुनी और मारपीट हुई इसी दौरान अभियुक्त में गमछे से बच्चे की गला दबाकर हत्या कर दी थी।

बरामदगी-

- 01 गमछा (घटना में प्रयुक्त)

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. सूरज पुत्र लालबाबू निवासी मुरवल थाना बबेरू जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 49/26 धारा 137(2)/103(1)/238 बीएनएस थाना बबेरू जनपद बांदा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. श्री राजेन्द्र सिंह राजावत प्र0नि0 थाना बबेरु
2. उ0नि0 श्री अजीत कुमार सिंह
3. उ0नि0 श्री अरविन्द्र कुमार
4. कां0 अनूप कुमार
5. कां0 निर्मल सिंह
6. कां0 सूर्यांश